परिवेदनाओं के निस्तारण में लगने वाले समय को और कम किया जायेगा : वृष्णि

बीकानेर, (कासं)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण को लेकर परिवादियों का संतुष्टि का स्तर पहले से बढ़ रहा है। हालांकि यह 1-1 प्रतिशत बढ़ रहा है लेकिन एक-एक प्रतिशत बढ़ना भी मायने रखता है।

मुख्य सचिव पंत गुरूवार को राज्य भर में चल रही जिला स्तरीय जनसुनवाई की जयपुर सचिवालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में ग्राम, तहसील और जिला स्तर पर जनसुनवाई के दौरान अधिकारी गण परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध निस्तारण करें। परिवेदनाओं के निस्तारण की औपचारिकता ना करें।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि राज्य भर में जनसुनवाई को और ज्यादा प्रभावी बनाने को लेकर सरकार अगले महीने संपर्क पोर्टल 2.0 लांच करने जा रही है। जिसमें आमजन वाट्सअप कॉल या वॉट्सअप मैसेज के जरिए भी परिवेदनाएं दर्ज करवा सकेंगे। मुख्य सचिव ने संभागीय आयुक्त बीकानेर और जिला कलेक्टर बीकानेर से भी जनसुनवाई को लेकर रिपोर्ट ली।

संभागीय आयुक्त डॉ रवि कुमार सुरपुर ने मुख्य सचिव को बताया कि बीकानेर जिले के खाजूवाला और छतरगढ़ कस्बों में पुराने भूमि आवंटन संबंधी मामले काफी हैं। लिहाजा कब्जा या खातेदारी अधिकार इत्यादि के मामले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिलों की तुलना में ज्यादा है। साथ ही

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी।

संभाग मुख्यालय होने के चलते भी यहां परिवेदनाएं ज्यादा आती हैं। परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करवाया जायेगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि जिले में ग्राम, तहसील और जिला स्तर पर जनसुनवाई के दौरान परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है।

परिवेदनाओं के निस्तारण में लगने वाले समय को और कम किया जायेगा। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर के समक्ष कुल 83 प्रकरण आए। जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य परिवेदनाओं के निस्तारण को लेकर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान एक परिवादी ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय भतीजी को एचआईवी पॉजिटिव बताकर इलाज शुरू कर दिया गया। जबकि एम्स दिल्ली में करवाई गई विभिन्न जांच में वह एचआईवी नेगेटिव आई। संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने इसे गंभीर मानते हुए जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार गजनेर में 14 साल पहले जमीन अधिग्रहण के बावजूद संबंधित लोगों को मुआवजा नहीं देने और इंडस्ट्रियल इलाका विकसित नहीं करने को जिला कलेक्टर ने गंभीर मानते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में गाढ़वाला से आए एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि पड़ौसी ने उसके प्लाट के आगे ग्राम पंचायत भूमि पर लगे दर्जन भर पेड़ काट लिए। जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश सीईओ जिला परिषद को दिए। इसी प्रकार मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगाने, रानी बाजार चौराहे पर सीवर लाइन टूटने और सड़क के खस्ताहाल होने, हुसंगसर में होली दहन स्थल व श्मशान भूमि पर कब्जा होने इत्यादि मामले में संबंधित

■ **जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष कुल 83 प्रकरण आए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया**

अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम सिटी रामावतार कुमावत ने कहा कि अधिकारी गण ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर जनसुनवाई के दौरान आये प्रकरणों को भी संपर्क पोर्टल पर अपलोड करें।

जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला परिषद सोहन लाल, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, सहायक निदेशक लोक सेवाएं अवुला साईकृष्ण, एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत, एडीएम सिटी रमेश देव समेत सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी एसडीएम और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

वहीं हनुमानगढ़ में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर कानाराम ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में अतिक्रमण, रास्ता खुलवाने, अवैध सिंचाई के पानी के नाकों को बंद करवाने और पीएम आवास योजना सहित 24 मामले आए। पेचवर्क में घटिया सामग्री की शिकायत आई।

शंकराचार्य सदानंद सरस्वती 24 मार्च को आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज और जगन्नाथपुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू निश्चलानंद सरस्वती मार्च के अंतिम सप्ताह में बीकानेर आयेंगे।

वे यहां गोपेश्वर बस्ती की भंवरलाल रामनारायण मोदी बगीची के जंगलेश्वर महादेव मंदिर में होने वाले 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के दौरान आयेंगे। सनातन धर्म रक्षा मंच के बैनर तले जगदगुरू शंकराचार्य सदानंद महाराज के बीकानेर में रहने के दौरान सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा और 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ होगा।

द्वारिका पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती 24 मार्च को बीकानेर पहुंच जायेंगे। वे 4 दिन बीकानेर में रहेंगे। वहीं जगन्नाथपुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू निश्चलानंद सरस्वती 27 मार्च को बीकानेर आयेंगे। 27 और 28 मार्च को बीकानेर में रहेंगे। वे 29 मार्च को बीकानेर से सालासर और वहां से जयपुर चले जायेंगे। इस दौरान 23 मार्च से जंगलेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा होगी। 29 मार्च तक होने वाले श्रीमद्भागवत कथा का वाचन बालाजी सेवा धाम के महामंडलेश्वर आचार्य बजरंग दास महाराज करेंगे।

आयोजन से जुड़े सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि महायज्ञ पंडित योगेश बिस्सा के सानिध्य में होगा। महायज्ञ में 121 ब्राह्मण आहुतियां दिलवायेंगे।

सार-समाचार

उन्नत गौशाला प्रबंधन पर प्रशिक्षण

उन्नत गौशाला प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण को प्रो. उर्मिला पानू ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। निदेशालय प्रसार शिक्षा, राजुवास बीकानेर एवं निदेशालय गोपालन, राजस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पंजीकृत गौशालाओं के प्रबंधकों एवं डेयरी संचालकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरूवार को शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. उर्मिला पानू ने कहा कि गौशालाएं राज्य में गायों के संरक्षण का कार्य कर रही है। गौशालाओं में गायों के स्वास्थ्य एवं उत्पादन भी बहुत बड़ी समस्या है। गौपालकों एवं गौशाला संचालकों को गौपालन हेतु वैज्ञानिक प्रशिक्षणों से हम कई समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं एवं गौशालाओं को स्वावलम्बी बना सकते है। गौशालाओं को उन्नत वैज्ञानिक प्रबंधन से गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षणार्थी वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी एवं उन्नत प्रबंधन कौशल को अपनाकर गौशालाओं से लाभार्थी बन सकते है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. देवीसिंह ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में संभाग के बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों के 35 गौशाला संचालक एवं प्रबंधक भाग ले रहे है जिनको विषय विशेषज्ञों द्वारा उन्नत गौशाला प्रबंधन, देशी गौवंश एवं संरक्षण, देशी गौवंश स्वच्छता एवं आवास प्रबंधन, संतुलित आहार, हरा चारा, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर का मूल्य संवर्धन राज्य सरकार की डेयरी फार्म योजनाएं, गौ नस्ल सुधार, पंचगव्य का महत्व आदि विषयों पर व्याख्यान के साथ-साथ आदर्श गौशाला एवं डेयरी भ्रमण करवाया जायेगा। प्रशिक्षण सह-समन्वयक डॉ. संजय सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के नोहर में गली पर कब्जा करने का विरोध करने गई 60 वर्षीय महिला को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी गई। घटना दोपहर करीब 3 बजे की है। घायल महिला कमला देवी ने बताया कि उनके दोनों बेटों विनोद और पुरुषोत्तम के मकान पास-पास हैं। उनके सामने पड़ौसी सुभाष गोदारा का मकान है। सुभाष का बेटा राजेश गली में दीवार बनाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। कमला देवी ने जब ट्रैक्टर रोकने की कोशिश की तो राजेश ने ट्रैक्टर नहीं रोका और टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गई और उनके पैर में चोट आई। इस दौरान सुभाष गोदारा और दीपक ने महिला और उसके बेटों के साथ हाथापाई भी की।

तीन छात्राओं की मौत, मोर्चरी के बाहर धरना जारी

नोखा, (कासं)। नोखा के देवानाडा केड़ली के सरकारी स्कूल में खेलते-खेलते तीन छात्राएं वाटर टैंक (टांका) में गिर गई थी। मृतक छात्राओं में प्रज्ञा जाट, भारती जाट और रवीना शामिल हैं। इस घटना के विरोध में नोखा के जिला अस्पताल में धरना प्रदर्शन चल रहा है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने धरने में पहुंचकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जायेगा, धरना जारी रहेगा। आजादी के 75 साल बाद भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने स्कूली शिक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि कुंड के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। बेनीवाल ने कहा कि अगर परिजनों को न्याय नहीं मिला तो बीकानेर ही नहीं पूरे राजस्थान में आंदोलन किया

■ **देवानाडा केड़ली के सरकारी स्कूल में खेलते-खेलते तीन छात्राओं की वाटर टैंक में गिरने से मौत, नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने धरने में पहुंचकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की**

जायेगा। धरने में जिला प्रमुख मोड़ाराम, नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, प्रधान प्रतिनिधि आत्माराम तर्ड, अतुल डूडी, मगनाराम केड़ली और नोखा के पूर्व प्रधान कन्हैयालाल सियाग मौजूद रहे। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

दूसरे दिन भी तीनों शवों का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। आरपीएल सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने बीकानेर के 21 फरवरी को बड़ी सभा करने की घोषणा की। नोखा की मोर्चरी पर धरना लगातार जारी रहेगा। नोखा विधायक सुशीला डूडी ने कल विधानसभा में मामला उठाने की बात कही। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड कर गिरफ्तार करने की मांग रखी। प्रशासन द्वारा 6 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी की सुबह करीब दस-साढ़े दस बजे की घटना है। नोखा क्षेत्र के देवानाडा स्थित केडली गांव राजकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चे खेल रहे थे। खेलते-खेलते प्रज्ञा (8) पुत्री रेखाराम जाट, भारती पुत्री ओमाराम जाट और रवीना पुत्री बागाराम स्कूल परिसर में बने वाटर टैंक के ऊपर चली गई। अचानक से टैंक पर लगी पट्टियां टूट गई और तीनों छात्राएं गहरे टैंक में गिर गई।

अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

अनूपगढ़,(कासं)। अवैध हथियार रखने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया है। जिससे एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद की गई है। रामसिंहपुर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा है।

थाने के हैड कांस्टेबल राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गांव 13 बीएलडी में गश्त कर रही थी। इस दौरान सरकारी नर्सरी के पास युवक संदिग्ध लगा। जिसे रूकवा कर तलाशी ली गई। युवक के पास से एक अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप कुमार (24) निवासी बिचौलिया, श्रीविजयनगर के रूप में हुई। रामसिंहपुर पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। टीम में कांस्टेबल राकेश कुमार, शैलेन्द्र और धर्मपाल शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई चुन्नीलाल मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

जैन यूनिटी सेंटर का भूमि पूजन व शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। नोखा रोड के पास बाबा रामदेव नगर में जैन यूथ क्लब बीकानेर के कार्यालय जैन यूनिटी सेंटर का भूमि पूजन किया। जैन यूथ क्लब के जैन यूनिटी सेंटर के लिए जैन यूथ क्लब को श्रावक रामलाल, श्राविका सूरजदेवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 1258 गज भूमि निशुल्क समर्पित की है।

उज्जैन के विधिकारक हेमंत वेदमुथा ने नवग्रह, दस दिक्पाल, अष्टमंगल, दस दिशा, क्षेत्रपाल आदि देवी-देवताओं व भूमि का पूजन और शिलान्यास करवाया। पूजा में नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका और उनकी पत्नी ममता रांका, हनुमान मल और सुनीता देवी रांका, जैन यूथ क्लब के अध्यक्ष पारस डागा, सचिव विशाल गोलछा तथा क्लब के कई सदस्यों और भामाशाहों ने सहभागिता निभाई। भूमि स्थल पर शाम और सुबह जैन यूथ क्लब के सदस्यों

■ **सेंटर के लिए सूरजदेवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 1258 गज भूमि निशुल्क दी गई है**

ने नवकार महामंत्र का जाप किया। क्लब के अध्यक्ष पारस डागा ने बताया कि बीकानेर में जैन समाज की एकता, उत्थान में श्रीवृद्धि करने वाला यह अपने आप में पहला सेंटर होगा। इसके उद्धेश्यों को पट्ट के माध्यम से भी हमेशा याद दिलाया जायेगा। पट्ट में भगवान महावीर स्वामी के जुड़े हाथों की माला को प्रदर्शित कर अंकित किया गया है कि हम नहीं दिगम्बर, श्वेताम्बर, हम नहीं तेरापंथी, मंदिर पंथी, स्थानक वासी, हम एक धर्म के अनुयायी हम महावीर के अनुगामी अंकित करवाया गया है।

श्री श्याम फागोत्सव की धूम

सूरतगढ़, (कासं)। श्री श्याम सखा व महिला मंडल द्वारा आयोजित 21 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। प्राचीन श्री शनि मंदिर के सामने श्री श्याम बाबा को मेहंदी लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। एपेक्स हॉस्पिटल की उप निदेशक डॉ. स्वर्णलता बंसल और रश्मि बजाज ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिलती है। महोत्सव 12 मार्च तक चलेगा। 21 फरवरी को आदर्श कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री रामदेव मंदिर में रात्रि कीर्तन और सामूहिक श्री श्याम चालीसा का पाठ होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक **18.03.2025** को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या** : 207 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के क्षेत्राधिकार में ट्रेक की सुरक्षा एवं अतिक्रमण से बचाव के लिए आरसीसी बाउण्ड्री वॉल का निर्माण करना **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 37107524.47 **धरोहर राशि** : रू. 335500.00 **निविदा संख्या** : 208 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के अधीन में ट्रेक की सुरक्षा एवं अतिक्रमण से बचाव के लिए आरसीसी बाउण्ड्री वॉल का निर्माण करना । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 46095654.89 **धरोहर राशि** : रू. 380500.00 **निविदा संख्या** : 209 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के अधीन में बीकानेर मंडल की विभिन्न लोकेशनों पर बाउण्ड्री वॉल का निर्माण करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 13433365.47 **धरोहर राशि** : रू. 217200.00 **निविदा संख्या** : 213 **कार्य का नाम व स्थान** : सहायक मंडल इंजीनियर, सिरसा के अधीन सिरसा स्टेशन पर पुराने स्टील टेंक के स्थान पर 225 किलो लिटर ओवरहेड टेंक का प्रावधान करना तथा संबंधित कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 6727183.92 **धरोहर राशि** : रू. 134600.00 **निविदा संख्या** : 214 **कार्य का नाम व स्थान** : हिसार रेलवे कॉलोनी में वाईडिंग व रिसरफेशिंग के द्वारा सुधार करना तथा हिसार रेलवे कॉलोनी में सिवेज सिस्टम में सुधार करना तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली का विकास करना । **अनुमानित लागत मूल्य** : रू 16909995.93 **धरोहर राशि** : रू. 234600.00 **नोट** :- अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

215-DR/25

हमें /NWRailways @NWRailways_पर फॉलो करें

सिर पर वार करके 1000 रूपए लूटे

हनुमानगढ़, (कासं)। फिरौती नहीं देने पर दो लोगों ने एक युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सतपाल के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई। उसकी नाक की हड्डी टूट गई। आरोपी उसकी जेब से 1000 रूपये लूटकर फरार हो गए।

पीड़ित सतपाल किशोर को उधार चुकाने के लिए 1000 रूपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान बिसरासर निवासी राजू उर्फ राजराम और कृष्ण बाइक पर सवार होकर आए। दोनों ने सतपाल से फिरौती की मांग की। सतपाल ने गरीबी का हवाला देते हुए फिरौती देने से मना कर दिया। उसने बताया कि उसके पास केवल 1000 रूपए हैं, जो उसे उधार चुकाने हैं। इस पर राजू ने सतपाल के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

■ **फिरौती नहीं देने पर युवक पर कुल्हाड़ी से हमला**

हमले में सतपाल के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई। उसकी नाक की हड्डी टूट गई। आरोपी उसकी जेब से 1000 रूपये लूटकर फरार हो गए। गांव के समुंद्र सिंह ने घायल सतपाल को पहले घर और फिर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने अधिक रक्तस्राव के कारण सतपाल को हनुमानगढ़ रैफर कर दिया। वहां उसका ऑपरेशन किया गया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पल्लू थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजकुमार को सौंपी।

दुल्हन नकदी व जेवर लेकर फरार

हनुमानगढ़,(कासं)। नवविवाहिता दुल्हन अपने पति के घर से 50 हजार रूपये और जेवर लेकर फरार हो गई। पीडित अंशुल खुराना ने पत्नी दिव्या बवेजा और तीन अन्य लोगों के खिलाफ टाउन पुलिस थाना में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

राधेश्याम उर्फ जोनी नागपाल की मध्यस्थता से हुई शादी में सारे खर्चे अंशुल ने वहन किए। शादी के कुछ दिन बाद दिव्या अलमारी की चाबी लेकर मायके चली गई। जब वह वापस नहीं लौटी तो अंशुल ने अलमारी खोलकर देखी। उसमें से सोने के गहने और 50 हजार रूपये गायब थे। पत्नी से संपर्क करने पर उसने वापस आने से इनकार कर दिया। दिव्या के रिश्तेदारों ने अंशुल से 15 लाख रूपए की मांग की। पैसे नहीं देने पर उसे झूठे बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी दी।

मां के इलाज के लिए अमेरिका आये पवन की हार्ट अटैक से मौत

बीकानेर, (कासं)। मां के इलाज की फिक्र थी, किसे पता था खुद की सांसें थम जायेगी। अमेरिका से हजारों मील का सफर तय कर बीकानेर लौटे 40 वर्षीय पवन बैद अपनी मां के इलाज में व्यस्त थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। मां की सेहत सुधारने की चिंता में लगे पवन अचानक खुद ही जिंदगी की जंग हार गए।

दिल को झकझोर देने वाली यह घटना बीकानेर के गंगाशहर की है, जहां अपनी मां की देखभाल में जुटे इस हंसमुख बेटे को हार्ट अटैक आ गया और परिवार के सामने ही उसकी सांसें थम गई। अमेरिका में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत पवन बैद अपनी बीमार मां के

■ **घटना बीकानेर के गंगाशहर की है, जहां अपनी मां की देखभाल में जुटे बेटे को हार्ट अटैक आ गया और परिवार के सामने ही उसकी सांसें थम गई**

इलाज के लिए कुछ दिन पहले ही अमेरिका से बीकानेर लौटे थे। लेकिन यहां देर रात करीब तीन बजे उन्हें हार्ट अटैक आ गया और मौत हो गई। उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटा अमेरिका से बीकानेर के लिए रवाना हो गए हैं। पवन बैद के निधन से परिवार और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

पवन के परिजनों ने बताया कि पवन को अपनी मां से बेहद लगाव था। वे खुद की जिंदगी से ज्यादा मां की देखभाल में लगे हुए थे। उनके रिश्तेदार हितेश छाजेड़ ने कहा कि पवन इतने हंसमुख और मिलनसार थे कि उनकी मौत की खबर पर यकीन करना भी मुश्किल हो रहा है। पवन का शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। उनकी पत्नी और बेटा अमेरिका से बीकानेर पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जायेगा। पवन बैद की मौत एक संदेश भी देती है कि हम अपनी सेहत को हल्के में न लें।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी आराजी खसरा नं. 5797 रकबा 9.5500 हैक्टेयर बारानी स्थित राजस्व ग्राम पाँचू दक्षिण तह. नोखा जिला बीकानेर (राज.) में मेरा हिस्सा 86227/210100 में से 2.4 हेक्टेयर हिस्सा को दीगर व्यक्ति/कंपनी को बेचान करना चाहता है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को उज्र, बेचान से कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में मैं.Rays Power Experts Private Limited R-1, Shree Sheel Mohan Plaza, Yudhisthir Marg, C-Scheme, Jaipur (Raj.)-302026 को HV आपत्ति पेश करें। श्यामदीन पुत्र हुसेन खां ग्राम पाँचू दक्षिण तह. नोखा जिला बीकानेर (राज.)

'नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो' यात्रा युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान बतायेगी

बीकानेर, (कासं)। एनएसयूआई की ओर से 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' यात्रा शुरू की जायेगी। इसे लेकर बीकानेर पहुंचे एनएसयूआई के बीकानेर प्रभारी हरेन्द्र चौधरी गुरूवार को बीकानेर के सर्किट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया।

इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने संभाग प्रभारी का माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि यह यात्रा जैसलमेर जिले से शुरू होकर बाड़मेर-बालोतरा-जोधपुर-पाली-ब्यावर और अजमेर होते हुए राजधानी जयपुर पहुंचेगी। जिसके पोस्टर का विमोचन कर युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया। चौधरी ने बताया कि राजस्थान अपने गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, अतिथि सत्कार, परंपराओं के लिए जाना जाता है। इन

एनएसयूआई की ओर से 'नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो' यात्रा के पोस्टर का विमोचन एनएसयूआई के बीकानेर प्रभारी हरेन्द्र चौधरी ने किया।

दिनों एक गंभीर सामाजिक समस्या भी तेजी से पनप रही है। प्रदेश में नशा और मद्यपान युवाओं से लेकर वृद्धों तक, पुरूषों से लेकर महिलाओं तक का हर वर्ग इस से प्रभावित है। हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि युवाओं में नशे की समस्या दिनों-दिन गहराती जा रही है।

मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बर्बाद कर रहा

■ **विशेष रूप से युवा पीढ़ी इस संकट का सबसे बड़ा शिकार बन रही है**

है, बल्कि परिवारों को तोड़ रहा है और सामाजिक ताने-बाने को भी नष्ट कर रही हैं। एनएसयूआई इस यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगी। कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नशे के चलते अपराधों में वृद्धि हो रही है। सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है और परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी इस संकट का सबसे बड़ा शिकार बन रही है। रोजगार की कमी, सामाजिक दबाव और जागरूकता की कमी ने युवाओं को नशे की चपेट में ला दिया है।

चोरी की 7 बाइक बरामद

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले की पीलीबंगा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 चोरी की बाइक बरामद की हैं।

आरोपी ने सभी बाइक टाउन थाना क्षेत्र, सूरतगढ़ और पीलीबंगा थाना क्षेत्र से चोरी करना बताया है। पुलिस अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पीलीबंगा वार्ड नंबर 6 निवासी भजनलाल ने 17 फरवरी को अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ अरशद अली के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया।

एएसपी नोहर राज कंवर और सीओ रावतसर हंसराज बैरवा के मार्गदर्शन में थानाधिकारी अशोक बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने हनुमानगढ़ टाउन के चक 24 केएसपी से रविदास (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर 7 चोरी की बाइक बरामद की।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 20.2.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 01 में माप 36.3 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या 3, सिंधी कॉलोनी, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 3587 दिनांक 20.06.2005 को श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरान्त श्री प्रद्युमन प्रकाश शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा निवासी 310 बी, थर्ड फ्लोर, द ग्रांड गीजगढ़, हवा सड़क जयपुर के नाम से दिनांक 07.03.2024 को दर्ज है। उक्त जारी पटटे का भूखण्डधारी द्वारा द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

Rajkaj Ref. No. 13666119 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3807 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.2.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखंड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं.16 में भूखंड माप 20'-0'' गुणा 68'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री राकेश साहू पुत्र श्री ओम प्रकाश साहू निवासी गांव साहूवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री राकेश साहू पुत्र श्री ओम प्रकाश साहू निवासी गांव साहूवाला, तहसील व जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 16 में भूखण्ड माप 20'-0'' गुणा 68'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा